Regarding ESIC hospital in Korba

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत **(**कोरबा**) :** महोदय, धन्यवाद ।

मैं ईएसआईसी अस्पताल के बारे में बोलना चाहती हूँ । कोरबा एक औद्योगिक नगरी है, जहाँ एनटीपीसी पावर प्लांट, एसईसीएल, बाल्को, लैन्को, सीएसईबी उद्योग हैं । यहाँ हजारों की संख्या में संगठित और असंगठित मजदूर काम करते हैं और रोजाना आसपास के गाँवों से दिहाड़ी मजदूर भी काम करने के लिए आते हैं । कोरबा में अत्यधिक प्रदूषण, धुआँ, फ्लाई ऐश होने के कारण अनेक बीमारियाँ, दमा, फेफड़े की बीमारी, लिवर, किडनी, स्किन डिजीज हो रही हैं । यहाँ ईएसआईसी अस्पताल है, लेकिन करोड़ों की लागत से बना यह अस्पताल डॉक्टर, नर्सिंग, टेक्नीशियन की कमी के कारण, अन्य संसाधनों की कमी के कारण मात्र रेफर सेंटर बनकर रह गया है । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूँ, मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से यह माँग करती हूँ कि इस ईएसआईसी अस्पताल में श्रमिकों के उत्तम इलाज कराने की सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराएं । धन्यवाद ।